महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

# निष्ठा, संकल्प से हिंदी में करें काम : प्रो. कुमुद शर्मा

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**वर्धा, 01 अक्टूबर 2025 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार, 30 सितंबर को लीला विभाग में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने कहा कि राजभाषा के रूप में हम सभी को हिंदी में निष्ठा और संकल्प के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने उपस्थितों से आह्वान किया कि राजभाषा से संबंधित केंद्र सरकार की नीति और नियमों के साथ संकल्पबद्ध होकर अपने कार्यालयीन कामों में हिंदी को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे उपस्थित थे।

बैठक में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पत्रिका के नामकरण तथा प्रकाशन योजना पर चर्चा की गयी। विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया। बैठक का संचालन हिंदी अधिकारी राजेश यादव ने किया।

बैठक में केंद्रीय विद्यालय, पुलगांव के अतुल ठाकरे, केंद्रीय विद्यालय, वर्धा के यतेन्द्र कुमार व अमरेश कुमार, भारतीय स्टेट बैंक के राजभाषा अधिकारी, प्रवीण जामगडे व दीपक ठाकरे, भारतीय जीवन बीमा निगम के संजय दादुखाडे, मेरा युवा भारत, वर्धा के निदेशक शिवधन शर्मा व दयाराम रामटेके, केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय, वर्धा के शुभम अविनाश लिंबारे, बैंक ऑफ़ इंडिया, विदर्भ आंचलिक कार्यालय, वर्धा के अभिषेक कुमार व कुश गणहोत्रा, जवाहरलाल नवोदय विद्यालय, वर्धा के प्राचार्य शैलेश नागदेवते व देशराज गौड़, पावरग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, वर्धा के हिंदी नोडल अधिकारी पदम वाकोडीकर व उप-महाप्रंबधक श्रीपाद कोलते, महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिकरण संस्थान (एमगिरी),वर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. जयकिशोर छांगाणी व उप-निदेशक विकास चौधरी, पंजाब नैशनल बैंक मण्डल कार्यालय, नागपुर के वरिष्ठ राजभाषा प्रबंधक नवीन जाधव, पंजाब नैशनल बैंक, वर्धा के अधिकारी आशीष राजुरकर, न्यू इंडिया अश्योरन्स कंपनी. लि., वर्धा अजय सूर्यवंशी आदि उपस्थित रहे।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

## महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

### जनसंपर्क कार्यालय

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**








पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305